दैनिक नवज्योति
Udaipur City - 14 Apr 2024 - Page 5
उदयपुर, रविवार, 14 अप्रेल 2024 5

# गिट्स में पांच दिवसीय प्लाज्मा प्रदर्शनी कल से

## युवाओं में विज्ञान व नवाचार की प्रवृत्ति बढ़ाएगी




**ब्यूरो/नवज्योति, उदयपुर।** युवाओं में विज्ञान के प्रति रुचि एवं नवाचार बढ़ाने के लिए पांच दिवसीय प्लाज्मा प्रदर्शनी का आयोजन गीतांजलि इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्निकल स्टडीज एवं इंस्टीट्यूट ऑफ प्लाज्मा रिसर्च के साझे में 15 से 19 अप्रेल तक होगा। संस्थान निदेशक डॉ. एनएस राठौड़ ने बताया कि प्रदर्शनी में प्लाज्मा के विभिन्न आयामों और उसके उपयोगों के बारे में राजस्थान के विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों व शिक्षकों को अवगत करवाया जाएगा। इसमें 25 प्लाज्मा प्रौद्योगिकी के नवीनतम मोहक प्रदर्शन होंगे। प्लाज्मा उच्च तकनीक उद्योग जैसे उच्च तापमान वाले फिल्म, सेमीकंडक्टर्स, कम्प्यूटर चिप्स आदि उत्पादन करके टेक सेक्टर में नवाचार को बढावा देता है। प्लाज्मा स्वास्थ्य सेवाओं में स्टेरिलाइजेशन की महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। प्लाज्मा चिकित्सा जगत में विज्ञान तथा जीव विज्ञान क्लिनिकल चिकित्सा के साथ जोड़ता है, जो छात्रों को विभिन्न विषयों में सक्रिय होने की संभावना प्रदान करता है। प्रदर्शनी के अतिरिक्त विज्ञान शिक्षकों के लिए 4 घंटे का प्लाज्मा प्रशिक्षण का आयोजन किया जा रहा है, जो शिक्षकों को अपने स्कूल के पाठ्यक्रम में प्लाज्मा के अवसरों को सही ढंग से एकीकृत करने की क्षमता प्रदान करेगा।

समझाने के लिए भारत सरकार के इंस्टीट्यूट ऑफ प्लाज्मा रिसर्च के 7 वैज्ञानिक आउटरिच डिविजन के हेड डॉ. एवी रविकुमार, चेतन झरीवाला, हर्षिता मच्छर, रमेशबाबु गद्दु, नरेन्द्र सिंह चौहान, आनंद कुमार, राहुल विश्वकर्मा प्रदर्शनी में शिरकत करेंगे। देश और समाज के तकनीकी विकास में गिट्स अपनी भूमिका बखूबी निभा रहा है। अभी हाल ही में देश प्रदेश में हुए विभिन्न हैकाथॉनों में गिट्स के विद्यार्थियों ने प्रथम पुरस्कार प्राप्त कर लगभग 10 लाख से ज्यादा नकद पुरस्कार प्राप्त किए हैं।

# युवाओं में विज्ञान के प्रति रूचि एवं नवाचार बढ़ाने प्लाज्मा प्रदर्शनी कल से




**उदयपुर (पुकार)।** युवाओं में विज्ञान के प्रति रुचि एवं नवाचार बढ़ाने के लिए पांच दिवसीय प्लाज्मा प्रदर्शनी का आयोजन गीतांजलि इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्निकल स्टडीज एवं इंस्टीट्यूट ऑफ प्लाज्मा रिसर्च के साझे में 15 से 19 अप्रेल तक होगा। संस्थान निदेशक डॉ. एनएस राठौड़ ने बताया कि प्रदर्शनी में प्लाज्मा के विभिन्न आयामों और उसके उपयोगों के बारे में राजस्थान के विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों व शिक्षकों को अवगत करवाया जाएगा। इसमें 25 प्लाज्मा प्रौद्योगिकी के नवीनतम मोहक प्रदर्शन होंगे।

प्लाज्मा उच्च तकनीक उद्योग जैसे उच्च तापमान वाले फिल्म, सेमीकंडक्टर्स, कम्प्यूटर चिप्स आदि उत्पादन करके टेक सेक्टर में नवाचार को बढावा देता है। प्लाज्मा स्वास्थ्य सेवाओं में स्टेरिलाइजेशन की महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। प्लाज्मा चिकित्सा जगत में विज्ञान तथा जीव विज्ञान क्लिनिकल चिकित्सा के साथ जोड़ता है, जो छात्रों को विभिन्न विषयों में सक्रिय होने की संभावना प्रदान करता है। प्रदर्शनी के अतिरिक्त विज्ञान शिक्षकों के लिए 4 घंटे का प्लाज्मा प्रशिक्षण का आयोजन किया जा रहा है, जो शिक्षकों को अपने स्कूल के पाठ्यक्रम में प्लाज्मा के अवसरों को सही ढंग से एकीकृत करने की क्षमता प्रदान करेगा।

समझाने के लिए भारत सरकार के इंस्टीट्यूट ऑफ प्लाज्मा रिसर्च के 7 वैज्ञानिक आउटरिच डिविजन के हेड डॉ. एवी रविकुमार, चेतन झरीवाला, हर्षिता मच्छर, रमेशबाबु गद्दु, नरेन्द्र सिंह चौहान, आनंद कुमार, राहुल विश्वकर्मा प्रदर्शनी में शिरकत करेंगे। देश और समाज के तकनीकी विकास में गिट्स अपनी भूमिका बखूबी निभा रहा है। अभी हाल ही में देश प्रदेश में हुए विभिन्न हैकाथॉनों में गिट्स के विद्यार्थियों ने प्रथम पुरस्कार प्राप्त कर लगभग 10 लाख से ज्यादा नकद पुरस्कार प्राप्त किए हैं।

दैनिक भास्कर
उदयपुर 14-04-2024

# 5 दिवसीय प्लाज्मा प्रदर्शनी कल से




**उदयपुर।** गीतांजली इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्निकल स्टडीज डबोक उदयपुर (गिट्स) एवं इंस्टीट्यूट ऑफ प्लाज्मा रिसर्च के साझे में 5 दिवसीय प्लाज्मा प्रदर्शनी 15 अप्रेल से गिट्स प्रांगण में होगी।

संस्थान निदेशक डॉ. एन.एस. राठौड़ ने प्लाज्मा रिसर्च के संदर्भ में बात करते हुए कहा कि किसी भी देश का विकास वहां के तकनीकी विकास के साथ जुड़ा हुआ हैं।

इसी के तहत 05 दिन तक चलने वाले इस प्लाज्मा प्रदर्शनी में प्लाज्मा के विभिन्न आयामों और उसके उपयोगों के बारे में राजस्थान के विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों व शिक्षकों को अवगत कराया जायेगा। जिसके तहत 25 प्लाज्मा प्रौद्योगिकी के नवीनतम मोहक प्रदर्शन होंगे।

प्लाज्मा उच्च तकनीक उद्योग जैसे उच्च तापमान वाले फिल्म, सेमीकंडक्टर्स, कम्प्यूटर चिप्स आदि उत्पादन करके टेक सेक्टर में नवाचार को बढावा देता हैं।

कोल्पोस्कोपी पर कार्यशाला का आयोजन

प्रातःकाल
Udaipur City Edition | 2024-04-16 | Page- 5
epaper.pratahkal.com

# प्लाज्मा प्रदर्शनी देखकर स्कूल के छात्र-छात्राएं हुए भाव-विभोर



**उदयपुर (वि.)।** गीतांजली इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्निकल स्टडीज डबोक उदयपुर (गिट्स) एवं इंस्टिट्यूट ऑफ प्लाज्मा रिसर्च अहमदाबाद के संयुक्त तत्वाधान में गिट्स प्रांगण में पांच दिवसीय प्लाज्मा प्रदर्शनी देखकर विभिन्न स्कूलों से आए छात्र-छात्राएं भाव-विभोर हो उठे। प्रदर्शनी 19 अप्रेल तक आयोजित की जायेगी। संस्थान निदेशक डॉ. एन.एस. राठौड ने बताया कि इस प्लाज्मा प्रदर्शनी में विभिन्न स्कूलों के लगभग 1000 से ज्यादा छात्र-छात्राओं ने आज प्लाज्मा प्रदर्शनी में भाग लेकर प्लाज्मा आधारित विज्ञान को समझा और इंस्टिट्यूट ऑफ प्लाज्मा रिसर्च अहमदाबाद से पधारे 07 वैज्ञानिकों के साथ सम्वाद स्थापित किया। इस सम्वाद में स्कूल के छात्र-छात्राओं ने प्लाज्मा के विभिन्न अनुप्रयोगों जैसे लाइटिंग डिस्चार्ज, स्पेस टेक्नोलॉजी, सेमी कन्डक्टर, इलेक्ट्रिक सिटी जनरेशन सरफेस मॉडिफिकेशन, सुपर कन्डक्टर, कम्प्यूटर चिप्स को बनाने की विधि का प्रेक्टिकल अनुभव प्राप्त किया। इस अवसर पर 100 से ज्यादा विज्ञान के अध्यापकों व स्कूल प्रिंसीपल के साथ संगोष्ठी की गई। इस संगोष्ठी का उद्देश्य स्कूल स्तर पर चल रहे पाठ्यक्रमों में प्लाज्मा व अनुप्रयोगों से विद्यार्थियों को लाभान्वित करना था। प्रदर्शनी में पधारे प्रमुख स्कूल एम.डी.एस. उदयपुर, द स्टडी उदयपुर, सेन्ट पेट्रिक स्कूल उदयपुर, जवाहर लाल नेहरू नवोदय विद्यालय, मावली, सेन्ट मेथ्यु स्कूल उदयपुर, राजकीय उच्च माध्यमिक स्कूल डबोक, श्रीमन नारायण उच्च माध्यमिक स्कूल डबोक, ऐपेक्स केरियर पोइंट स्कूल प्रमुख हैं। साथ ही डबोक वासियों ने भी इस प्रदर्शनी का लाभ उठाया।

Powered by iDocuments

# गिट्स में प्लाज्मा प्रदर्शनी देखकर अभिभूत हुए स्कूली विद्यार्थी

महानगर संवाददाता



**उदयपुर।** गीतांजली इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्निकल स्टडीज डबोक उदयपुर (गिट्स) एवं इंस्टीट्यूट ऑफ प्लाज्मा रिसर्च अहमदाबाद के संयुक्त तत्वावधान में गिट्स में चल रही पांच दिवसीय प्लाज्मा प्रदर्शनी देखकर विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थी अभिभूत हो गए और विज्ञान के बारे में सवाल कर कई जवाब भी जानें। यह प्रदर्शनी 19 अप्रेल तक होगी। संस्थान के निदेशक डॉ. एनएस राठौड़ ने बताया प्लाज्मा प्रदर्शनी में विभिन्न स्कूलों के 1000 से ज्यादा छात्र-छात्राओं ने भाग लेकर प्लाज्मा आधारित विज्ञान को समझा और इंस्टीट्यूट ऑफ प्लाज्मा रिसर्च अहमदाबाद से आए 7 वैज्ञानिकों के साथ संवाद स्थापित किया। इस संवाद में छात्र-छात्राओं ने प्लाज्मा के विभिन्न अनुप्रयोगों लाइटिंग डिस्चार्ज, स्पेस टेक्नोलॉजी, सेमी कन्डक्टर, इलेक्ट्रिक सिटी जनरेशन सरफेस मॉडिफिकेशन, सुपर कन्डक्टर, कम्प्यूटर चिप्स को बनाने की विधि का प्रायोगिक अनुभव प्राप्त किया। इस अवसर पर 100 से ज्यादा विज्ञान के अध्यापकों, स्कूल प्रिंसीपल के साथ संगोष्ठी की गई। इसका उद्देश्य स्कूल स्तर पर चल रहे पाठ्यक्रमों में प्लाज्मा व अनुप्रयोगों से विद्यार्थियों को लाभान्वित करना रहा। प्रदर्शनी में एमडीएस, द स्टडी, सेन्ट पेट्रिक, जवाहरलाल नेहरू नवोदय विद्यालय मावली, सेन्ट मैथ्यू, राउमावि डबोक, श्रीमन नारायण उमावि डबोक, ऐपेक्स कॅरियर प्वाइंट स्कूल प्रमुख हैं। डबोक क्षेत्रवासियों ने भी प्रदर्शनी का लाभ उठाया।

pratahkal.com



# गिट्स में पांच दिवसीय प्लाज्मा प्रदर्शनी का समापन

उदयपुर ( वि. )। युवाओं में विज्ञान के प्रति रूचि बढ़ाने एवं विज्ञान आधारित तकनीकों से अवगत कराने हेतु गीतांजली इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्निकल स्टडीज डबोक उदयपुर (गिट्स) एवं इंस्टिट्यूट ऑफ प्लाज्मा रिसर्च अहमदाबाद के संयुक्त तत्वावधान में गिट्स प्रांगण में चल रही पांच दिवसीय प्लाज्मा प्रदर्शनी का समापन हो गया। संस्थान निदेशक डॉ. एन.एस. राठौड़ ने कहा कि उभरते परिदृश्य और प्रतिस्पर्धा के माहौल में विज्ञान के विकास को सबसे शक्तिशाली माध्यम के रूप में मान्यता मिल रही हैं। इसी के तहत प्रदर्शनी में प्लाज्मा के विभिन्न आयामों और उसके उपयोगों के बारे में राजस्थान के विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों व शिक्षकों को अवगत कराया गया जिसके तहत 25 प्लाज्मा प्रौद्योगिकी के नवीनतम अनुप्रयोगों का दर्शाया गया। इस प्लाज्मा प्रदर्शनी में उदयपुर सम्भाग, चित्तौड़गढ़ सम्भाग और सिरोही सम्भाग के लगभग 5000 से ज्यादा स्कूल के छात्र-छात्राओं ने भारत सरकार के इंस्टिट्यूट ऑफ प्लाज्मा रिसर्च के 07 वैज्ञानिक आउटरिच डिविजन के हेड डॉ. ए.वी.

हर्षिता मच्छर, रमेश बाबु गट्टू, नरेन्द्र सिंह चौहान, आनन्द कुमार, राहुल विश्वकर्मा से सीधे संवाद स्थापित कर विज्ञान के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा किया। इसी के तहत शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें 100 से ज्यादा शिक्षकों सम्मिलित हुए। प्रदर्शनी में उदयपुर सम्भाग के प्रमुख रूप से महाराणा मेवाड़ पब्लिक स्कूल, उदयपुर, सेन्ट्रल एकडमी स्कूल, उदयपुर, इण्डो अमेरिकन स्कूल, उदयपुर, रेयान इन्टरनेशनल स्कूल उदयपुर, सेन्ट ग्रेगोरियस सीनियर सेकण्डरी स्कूल, उदयपुर, एम.डी.एस. उदयपुर, जवाहर नवोदय स्कूल मावली, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय डबोक, श्रीमन्नारायण उच्च माध्यमिक स्कूल डबोक, एल. सोल्जर्स सीनियर सेकण्डरी स्कूल डबोक, केलीबर सीनियर सेकण्डरी स्कूल, चित्तौड़गढ़ विवेकानन्द मोर्डन स्कूल आबुरोड आदि के शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने भाग लिया। यह प्रदर्शनी छात्र-छात्राओं को प्लाज्मा के प्रति रूझान पैदा करेगी जो आगे चलकर उनके भविष्य संवारने में मदद करेगी। संचालन डॉ. विशाल जैन एवं डॉ. हिना औझा

# 5 दिवसीय प्लाज्मा प्रदर्शनी का समापन

उदयपुर| डबोक स्थित गीतांजलि इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्निकल स्टडीज एवं इंस्टीट्यूट ऑफ प्लाज्मा रिसर्च, अहमदाबाद के साझे में प्लाज्मा प्रदर्शनी का समापन शुक्रवार को हुआ। संस्थान निदेशक डॉ. एन.एस. राठौड़ ने कहा कि 5 दिन की प्रदर्शनी में प्लाज्मा के विभिन्न आयामों और उपयोगों



के बारे में विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों व शिक्षकों को अवगत कराया। इंस्टीट्यूट ऑफ प्लाज्मा रिसर्च के वैज्ञानिक आउटरीच डिविजन हेड डॉ. ए.वी. रवि कुमार, साइंटिफिक ऑफिसर चेतन झरीवाला, हर्षिता मछार, रमेश बाबू गट्टू, नरेन्द्र सिंह चैहान, आनन्द कुमार, राहुल विश्वकर्मा से विज्ञान के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की। शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम भी हुआ। प्रदर्शनी में एमएमपीएस, सेंट्रल एकेडमी, इंडो अमेरिकन, रेयान इंटरनेशनल, सेंट ग्रिगोरियस सीनियर सेकंडरी, एमडीएस, जवाहर नवोदय-मावली, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय-डबोक सहित कई स्कूलों शिक्षक और विद्यार्थी शामिल हुए।

# गिट्स की प्लाज्मा प्रदर्शनी में शिक्षकों, बच्चों ने जानी तकनीक, बनी यादगार



महानगर संवाददाता

उदयपुर। युवाओं में विज्ञान के प्रति रूचि बढ़ाने एवं विज्ञान आधारित तकनीकों से अवगत कराने के लिए गीतांजलि इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्निकल स्टडीज डबोक उदयपुर (गिट्स) एवं इंस्टीट्यूट ऑफ प्लाज्मा रिसर्च अहमदाबाद के तत्वावधान में हुई पांच दिवसीय प्लाज्मा प्रदर्शनी का समापन हुआ।

संस्थान के निदेशक डॉ. एनएस राठौड़ ने कहा उभरते परिदृश्य और प्रतिस्पर्धा के माहौल में विज्ञान के विकास को सबसे शक्तिशाली माध्यम में मान्यता मिल रही है। इसके तहत प्रदर्शनी में प्लाज्मा के विभिन्न आयामों और उसके उपयोगों के बारे में राजस्थान के विभिन्न स्कूली विद्यार्थियों व शिक्षकों को अवगत कराया गया। जिसके तहत 25 प्लाज्मा प्रौद्योगिकी के नवीनतम अनुप्रयोगों का दर्शाया गया। प्रमुख रूप से उच्च तकनीक उद्योग जैसे उच्च तापमान वाले फिल्म, सेमीकंडक्टर्स, कम्प्यूटर चिप्स बनाने की विधि और सुपर कन्डक्टिविटी आदि का प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शनी में उदयपुर सम्भाग के चित्तौड़गढ़ और सिरोही के लगभग 5000 से ज्यादा स्कूली छात्र-छात्राओं ने भारत सरकार के इंस्टीट्यूट ऑफ प्लाज्मा रिसर्च के सात वैज्ञानिक आउटरिच डिविजन के हैड डॉ. एवी रविकुमार, सांइटिफिक ऑफिसर चेतन झरीवाला, हर्षिता, रमेश बाबू गड्ढ, नरेन्द्रसिंह चौहान, आनन्दकुमार, राहुल विश्वकर्मा से सीधे संवाद कर विज्ञान के पहलुओं पर चर्चा की। शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम भी हुआ। जिसमें 100 से ज्यादा शिक्षकों सम्मिलित हुए। प्रदर्शनी में उदयपुर सम्भाग के प्रमुख रूप से महाराणा मेवाड़ पब्लिक स्कूल, सेन्ट्रल एकेडमी स्कूल, इण्डो अमेरिकन स्कूल, रेयान इन्टरनेशनल स्कूल, सेन्ट ग्रेगोरियस सीनियर सैकण्डरी स्कूल, एमडीएस, जवाहर नवोदय स्कूल मावली, राउमावि डबोक, श्री मन्नारायण उमावि डबोक, एल. सोल्जर्स सीनियर सैकण्डरी स्कूल डबोक, केलीबर सीनियर सैकण्डरी स्कूल चित्तौड़गढ़, विवेकानन्द मॉडर्न स्कूल आबूरोड आदि के शिक्षकों, विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रदर्शनी छात्र-छात्राओं को प्लाज्मा के प्रति रूझान पैदा करेगी जो आगे चलकर उनके भविष्य संवारने में मददगार बनेगी। यह प्रदर्शनी गिट्स परिवार सहित सभी पर अपनी अमिट छाप छोड़ गई। संचालन डॉ. विशाल जैन, डॉ. हीना ओझा ने किया।